# आदेश का उल्लंघन : कलेक्टर के आदेश पर भारी पड़ रहे प्रवाचक

## उच्च न्यायालय के आदेश पर कलेक्टर ने ढाई दर्जन प्रवाचकों को 3 जून को जारी किया था स्थानांतरण आदेश, स्थानांतरण आदेश के तीन माह बाद भी नहीं हुआ पालन

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। उच्च न्यायालय के आदेश पर कलेक्टर द्वारा ढाई दर्जन प्रवाचकों का 3 जून को स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। स्थानांतरण आदेश के तीन माह बाद भी इनका पालन नही हुआ। कलेक्टर के आदेश पर स्थानांतरित प्रवाचक भारी पड़ रहे।**

विभागीय सूत्रों के अनुसार स्थानांतरित प्रवाचकों में से अधिकांश अपनी पुरानी सीट पर ही जमे हुये हैं उन्हें कार्यमुक्त करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर के आदेश एवं राजस्व मंडल मप्र ग्वालियर के निर्देश पर सीधी जिले के राजस्व न्यायालयों में एक ही पीठासीन अधिकारी के न्यायालय में 3 वर्ष से अधिक समयावधि से पदस्थ 30 प्रवाचकों को स्थानांतरित किया गया था।

दरअसलत उच्च न्यायालय मुख्यपीठ जबलपुर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 7629/2025 में पारित आदेश दिनांक 3 अप्रैल 2025 के द्वारा अध्यक्ष राजस्व मंडल ग्वालियर को निर्देशित किया गया था कि राजस्व न्यायालयों की कार्य प्रणाली का निरीक्षण करें जिसमें प्रवाचकों की दीर्घ अवधि से पदस्थापना के प्रभाव को ध्यान में रखा जाय तथा प्रत्येक 3 वर्ष पर प्रवाचकों को स्थानांतरित किया जाये। उक्त आदेश के पालन में राजस्व मंडल मप्र ग्वालियर द्वारा पत्र क्रमांक 976-77 दिनांक 11 अप्रैल 2025 के द्वारा यह निर्देशित किया गया था कि राजस्व न्यायालयों में एक ही पीठासीन अधिकारी के न्यायालय में 3 वर्ष से अधिक समयावधि से पदस्थ प्रवाचकों को अन्यत्र स्थानांतरित कर निर्धारित प्रारूप में जानकारी भेजना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश के परिपालन में सीधी जिले के राजस्व न्यायालयों में 3 वर्ष के ज्यादा समय से एक ही सीट में पदस्थ 30 प्रवाचकों के स्थानांतरण की सूची कलेक्टर सीधी द्वारा जारी की गई। स्थानांतरण सूची में स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि स्थानांतरित किये गये सभी प्रवाचक नवीन पदस्थापना स्थल में तत्काल उपस्थिति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।



### अंगद के पांव की तरह वर्षों से एक ही जगह पदस्थ हैं प्रवाचक

सीधी जिले के राजस्व न्यायालयों में कई ऐसे प्रवाचक हैं जो अंगद के पांव की तरह वर्षों से एक ही जगह पदस्थ हैं। विडम्बना यह है कि माननीय उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर के निर्देश के बाद भी सीधी जिले में 3 वर्षों से एक ही सीट में पदस्थ कई प्रवाचक स्थानांतरण आदेश दिनांक 3 जून 2025 के तीन माह बाद भी कार्यमुक्त नहीं किये गये। विभागीय सूत्रों का कहना है कि अधिकांश प्रवाचक अपने कार्यालय अधिकारी की खुशामद करके कार्यमुक्त नहीं हुये। कलेक्टर के यहां से स्थानांतरण सूची जारी होने के बाद यह जानने की जरूरत नहीं समझी गई कि पुरानी सीट में कार्यरत कितने प्रवाचक स्थानांतरण के बाद भी कार्यमुक्त नहीं हुये हैं। इस वजह से अधिकांश प्रवाचक स्थानांतरण के बाद भी कार्यमुक्त नहीं हुये।

### प्रशासनिक अक्षमता पर खड़े हो रहे सवाल

राजस्व न्यायालयों एवं कार्यालयों में 3 वर्ष के ज्यादा समय से एक ही सीट में पदस्थ स्थानांतरित प्रवाचकों के कार्यमुक्त न होने पर प्रशासनिक अक्षमता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानांतरण के बाद भी पुरानी सीट में प्रवाचकों को कार्य करते हुये देखकर लोग भी काफी हैरान होते हैं साथ ही यह भी कहते हैं कि स्थानांतरण के बाद भी प्रवाचक कार्यमुक्त नहीं होते। कार्यालय अधिकारी भी इसको अहमियत नहीं देते हैं। इसी वजह से बेखौफ होकर स्थानांतरित प्रवाचक पुरानी सीट में कार्य कर रहे हैं।

### बयान देने से बचते दिखे जिम्मेदार

जिले के राजस्व न्यायालयों में तीन वर्ष के अधिक समय से एक ही सीट में पदस्थ 30 प्रवाचकों का स्थानांतरण 3 जून 2025 को कलेक्टर सीधी द्वारा किया गया था। अभी तक अधिकांश स्थानांतरित प्रवाचकों को भारमुक्त न किये जाने के मामले में एडीएम से जब बयान लेने की कोशिश की गई तो वह बचते दिखे। उनका कहना था कि उनके कार्यकाल के पहले स्थानांतरण हुआ था इस वजह से इस मामले में वह कुछ भी बयान नहीं दे सकते। जबकि स्थापना का कार्य वह ही अधिकांशत: देखते हैं।

# श्रीमद् देवी भागवत कथा के शुभारंभ में निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। शहर में दूसरी बार शक्ति पैलेस के पास श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें श्री धाम वृंदावन से पधारे व्यास बांके बिहारी शास्त्री जी महाराज की निर्देशन में आचार्य द्वारा दिव्या, वरुण, कलश, गणेश पूजन के साथ शुभारंभ किया गया।**



नगर भ्रमण करते हुए विशाल कलश यात्रा पूजा पार्क, गणेश मंदिर से गांधी चौराहा, सराफा बाजार, गुरुद्वारा रोड होते हुए ढोल नगाड़े के साथ नवरात्रि के प्रथम दिन श्रीमद् देवी भागवत कथा के शुभारंभ में निकाली गई शोभायात्रा शक्ति पैलेस के सामने कथा स्थल पहुंची। मुख्य यजमान श्रीमती मीरा राजेश गुप्ता फ्लावर वाले के द्वारा देवताओं का आह्वान पूजन व्यास पीठ का पूजन किया गया। यजमानों माता बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

जहां मुख्य रूप से श्री गुरु बजरंग संघ प्रदेश संयोजिका श्रीमती गुड़िया पाण्डेय, विमल तिवारी, पुनीता द्विवेदी, गुड़िया द्विवेदी, शारदा सिंह, अन्नू दीक्षित, निशा पाण्डेय, सावित्री पटेल, बिट्टू, कुसुम सिंह, निशा नामदेव, नरेश सिंह, अश्वनी सिंह, अंशुमान सिंह, विनय सिंह, मुनिराज विश्वकर्मा, राजू मौर्य, सुरेश सोनी, धीरेंद्र सिंह परिहार, सत्यप्रसाद नामदेव, पारस लाल सोनी, छोटेलाल सोनी, महेन्द्र श्रॉफ, सचिन सोनी, आचार्य रघुनंदन पाण्डेय, भंडारी गोपाल सहित सैकड़ों की तादाद में महिला-पुरुष कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल रहे। शायंकालीन कथा का मंचन बैठकी शुभारंभ शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। समस्त क्षेत्रवासी, जिलेवासी सादर आमंत्रित है।

# गौ हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी की मांग, शिवसेना ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। शहर की पुरानी सब्जी मंडी में गौ हत्या प्रकरण को लेकर शिवसेना ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य आरोपी ठेला व्यापारी नितिन गुप्ता की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।**

शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने बताया कि 19 सितम्बर की रात करीब 8 बजे आरोपी नितिन गुप्ता ने गौवंश को बेरहमी से किलोवाट करंट से मार डाला। सूचना मिलते ही प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, गौसेवक केशव मिश्रा व उनकी टीम पहुंची और तत्काल डीएसपी को घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा नगर पालिका के सफाई अधिकारी गौरव सिंह को बुलाकर मृत गौवंश को उठवाया गया। इसके बाद गौसेवकों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया। लेकिन घटना के अगले दिन आरोपी के परिजनों ने पलटवार करते हुए गौसेवकों के खिलाफझूठी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें मारपीट और घर में घुसने जैसे आरोप लगाए गए।



इस पर शिवसेना पदाधिकारियों का कहना है कि अपराधी के पक्ष में खड़े होकर गौसेवकों को धमकाने और दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। शिवसेना ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि गौसेवकों को धमकाया गया या उन पर दबाव डाला गया तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, गौसेवक केशव मिश्रा, प्रिंस मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। डीएसपी ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और गौ हत्यारे आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धीरज को एमएनसी ने दिया जापान यात्रा का अवसर

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। शिक्षा, मेहनत और लगन से सफलता की ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। इसका जीवंत उदाहरण बने हैं सीधी शहर के अधिवक्ता सुशील उपाध्याय के सुपुत्र धीरज उपाध्याय। धीरज वर्तमान में देश की प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कम्पनी SYNOPSYS नोएडा में एसोसिएट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।**




अपनी कार्य कुशलता, तकनीकी दक्षता और नवाचार की क्षमता के चलते धीरज ने बहुत कम समय में कम्पनी में विशेष पहचान बनाई है। इन्हीं गुणों को देखते हुए कम्पनी प्रबंधन ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और कम्पनी के विकास एवं नए इनोवेशन प्रोजेक्ट्स के लिए दो माह की जापान यात्रा पर भेजा है। धीरज की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार गौरवान्वित है बल्कि पूरे सीधी नगर में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। शुभचिंतकों का कहना है कि धीरज जैसे युवाओं की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक हैं। परिजनों और मित्रों ने धीरज उपाध्याय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह यात्रा उनके करियर को नई दिशा देने वाली साबित होगी और वे देश-विदेश में अपने नगर और परिवार का नाम रोशन करेंगे।

# अजय सिंह के जन्मदिन पर समर्थकों में भारी उत्साह, पूरे प्रदेश से जुटेंगे कार्यकर्ता समर्थक और स्नेहीजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह कल 23 सितम्बर को अपना जन्मदिन भोपाल में मनाएंगे।**

इस अवसर पर पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में उनके कार्यकर्ता, समर्थक और स्नेहीजन भोपाल पहुंचेंगे। जन्मदिन पर चुरहट विधायक अजय सिंह अपने शासकीय निवास सी-19 शिवाजी नगर भोपाल में पूर्वाह्न 11 बजे से उपलब्ध रहेंगे। वे जन्मदिन पर बधाई देने के लिए आने वाले स्नेहीजनों, पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मुलाकात करेंगे।



# जिले में आज बच्चों व किशोरों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। सीधी जिले में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 23 सितम्बर 2025 को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास बाधित हो सकता है। कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल का सेवन करने से कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है और बच्चों को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के अवसर पर शासकीय और निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों और चाइल्ड केयर संस्थानों में बच्चों और किशोरों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। डॉ.बबिता खरे ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर कृमिनाशक दवा जरूर खिलाएं। उन्होंने बताया कि कृमिनाशक दवा पूरी तरह से सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। सीधी जिले में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाकर बच्चों और किशोरों को कृमिनाशक दवा खिलाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के बाद 26 सितम्बर 2025 को मॉप अप दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर उन बच्चों और किशोरों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी जो 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर किसी कारण से छूट गए थे।

## एक नजर में

### कल आएंगे श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष

**सीधी।** श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शहेन्द्र सिंह 24 सितम्बर को सीधी आएंगे। जिनके स्वागत के लिए जिले के श्रीराजपूत करणी सेना द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। मालूम हो कि पहली बार करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं। इसके लिए जिले के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन से अनुमति भी ली जा रही है। उनके स्वागत के लिए मोहनिया टनल के पास सेना के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वहीं सोनवर्षा टोल प्लाजा के पास स्वागत के साथ जमोड़ी में भव्य स्वागत होगा। इसके साथ शहीद श्यामलाल सिंह एवं सम्राट पृथ्वीराज सिंह चौहान का माल्यार्पण भी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। इसके बाद जिला इकाई सीधी के कार्यक्रमों में वह शामिल रहेंगे। इस दौरान प्रदेश के महासचिव हरपाल सिंह बुल्ले, संभागीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू एवं संभागीय महासचिव रोहन सिंह चौहान कन्हैया टेन्ट हाउस सीधी के साथ जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह परिहार समेत श्रीराजपूत करणी सेना के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे।



### अंजनी कुमार सिंह के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

**सीधी।** सीधी विधानसभा के ग्राम डेम्हा निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी एवं स्व .दाऊ कुंवर अर्जुन सिंह के प्रबल समर्थक रहे अंजनी कुमार सिंह के निधन पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल, सीडबल्यूसी सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रार्थना की है कि परिजनों को असीम दुख सहने का साहस प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक तिलकराज सिंह, पंजाब सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, रूद्र प्रताप सिंह बाबा, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, बसंती देवी कोल, भारत सिंह, गोमती प्रसाद पाण्डेय, सुरेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा, उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह, जनपद अध्यक्ष रामपुर नैकिन उर्मिला साकेत, जनपद अध्यक्ष सिहावल राजकुमारी पटेल, जपं अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, उपाध्यक्ष नगर परिषद अजय पाण्डेय, जनपद उपाध्यक्ष मनोज सिंह चंदेल, जनपद उपाध्यक्ष भूपाल सिंह, जनपद उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा, कुमुदिनी सिंह सहित जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हैं।



### राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक 25 को

**सीधी।** अपर कलेक्टर बी .पी .पाण्डेय ने बताया कि राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक 25 सितम्बर को प्रात: 11 बजे कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे एजेण्डा अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### मैहर धाम पदयात्री आज होंगे रवाना

**सीधी।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मैहर शारदा धाम के लिए यात्रियों ने तैयारी पूर्ण कर ली है साथ में मां शारदा की भव्य झांकी भी रवाना होगी, पद यात्रियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रियों का जत्था पूजा पार्क से तोरण द्वार तक ढोल नगाड़े के साथ नगर में भ्रमण करते हुए मैहर धाम के लिए रवाना होगी। 23 सितम्बर को सुबह 8 बजे पद यात्रियों के जत्था का स्वागत होगा। वही वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता बांके बिहारी शास्त्री जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर जत्था को रवाना करेंगे।

# गांधी विद्यालय के बच्चों ने कुराश खेल में प्राप्त किए मेडल

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। गांधी विद्यालय के पीटीआई मो.मामून अंसारी ने बताया कि 69वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश खेल प्रतियोगिता 15 से 20 सितम्बर तक इंदौर जिले के वैष्णो स्पोर्ट्स अकैडमी में आयोजन किया गया था। जिसमें गांधी विद्यालय की कई छात्राओं ने अपना अच्छा प्रदर्शन देकर मेडल प्राप्त किया।**



मेडलिस्ट खिलाड़ियों में अनुष्का पटेल 63 किग्रा. में गोल्ड मेडल, अभिनव सिंह 66 किग्रा. में सिल्वर, आयुषी सिंह 24 किग्रा. में ब्रान्ज, पूर्वी सिंह 44 किग्रा. में ब्रॉन्ज, आशुतोष वर्मा 25 किग्रा. में ब्रान्ज, समर्थ चतुर्वेदी 55 किग्रा. में ब्रॉन्ज, आयुष द्विवेदी 45 किग्रा. में ब्रान्ज, अनिकेत शुक्ला 55 किग्रा. में ब्रॉन्ज, यश सिंह 73 किग्रा. में ब्रॉन्ज, आदित्य वर्धन 81 किग्रा. में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये।

प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर थॉमस तेलेकाट, प्राचार्या सिस्टर स्मिता, वाईस प्राचार्या सिस्टर ज्योति, किंडर गार्डन इंचार्ज सिस्टर रेजिन मारिया, जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पाण्डेय, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा, पीटीआई किर्ती सिंह, रीवा संभाग प्रमुख प्रबंधक कुराश टीम के मो.अशरफ, आर.बी.सिंह, नुरुस्लाम, माखन मिश्रा, खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान, रोशन जायसवाल, गांधी विद्यालय के पीटीआई मो.मामून अंसारी, हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आज

**सीधी 22 सितम्बर।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2025 की पात्रता तिथि के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 किया जा रहा है। इस संबंध में 23 सितम्बर को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक उपरांत ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण भी किया जाएगा। यह निरीक्षण 23 सितम्बर को सुबह 11:30 बजे निर्वाचन सदन, जिला निर्वाचन कार्यालय सीधी स्थित वेयरहाउस का ताला खोलकर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा।



# ज्ञान महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। ज्ञान महाविद्यालय सीधी में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।**

इस अभियान का संचालन प्रो.स्वाती शुक्ला द्वारा किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ.सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ.सुरेन्द्र ने बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इससे रोग नही पनपते हैं। हमें ना केवल अपने घर अपितु अपने देश को स्वच्छ बनाने में सरकार का सहयोग करना चाहिए। अंत में सभी छात्राओं द्वारा शपथ ग्रहण करवा कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो.अंशुमान सिंह, प्रो.वीरेन्द्र सिंह, प्रो.दीपू प्रजापति, प्रो.सपना तिवारी, निपेन्द्र सिंह सहित समस्त छात्र-छात्राएं बहुतायत संख्या में उपस्थित रहे।



# जीएसटी रिफॉर्म को लेकर भाजपाइयों ने किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार की थीम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बाजार में घूम कर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद कर जानकारी दी।**

जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के साथ मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के.के.तिवारी, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, जिला महामंत्री और प्रभारी अनिल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, मनीला सिंह, विभा शर्मा, जगदंबा सोनी, अनु पाण्डेय, संगीता सिंह चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर होगी कठोर कार्यवाही : सोमवंशी

## कलेक्टर ने समय सीमा पत्र समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 सितम्बर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को सितंबर माह में ए ग्रेड प्राप्त करने के निर्देश दिए।**



गत माह शिकायतों के निराकरण में ग्रेड डी प्राप्त करने वाले विभागों मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि शिकायत निवारण में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में मेरी शाला, बेस्ट शाला अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 15 नवम्बर 2025 से पहले सभी विद्यालयों में साफ-सफाई, पुताई, शौंचालयों की क्रियाशीलता और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को तीन दिनों के भीतर अभियान की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। सभी उपखंड अधिकारी अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही, कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाए। यदि वितरण प्रारंभ नहीं होता है तो कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, उपखंड अधिकारी गोपदबनास राकेश शुक्ला, मझौली आर.पी.त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।